दो दिन से लापता एनएसजी कमांडो के बेटे का लाक्षागृह में मिला शव, सनसनी

१० अक्तूबर को दारागंज थाने में दर्ज हुई थी गुमशुदगी, मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

हंडिया (प्रयागराज)। दो दिनों से रहस्यमय परिस्थिति में लापता एनएसजी कमांडो के बेटे का शव हंडिया थाना क्षेत्र के लाक्षागृह में मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान मेजा थाना क्षेत्र के अमेलिया कला गांव निवासी कुमार गौरव के रूप में हुई है। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, युवक के लापता होने से लेकर शव मिलने तक की परिस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं।



मृतक गौरव की फाइल फोटो।

मिली जानकारी के अनुसार, कुमार गौरव दिल्ली में रहकर पालिटेक्निककी पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता एनएसजी में कमांडो हैं। बताया जा रहा है कि गौरव ने प्रयागराज से मेजा स्थित अपने घर जाने के लिए रैपिडो बुक की थी, लेकिन इसके बाद वह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगने पर परिजनोंने बीते १० अक्टूबरको दारागंज थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी थी। इधर, परिजन उसकी तलाश में जुटे ही थे कि हंडिया के लाक्षागृह में युवक का शव मिलने की सूचना ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। कुमार गौरव दो भाइयों में बड़ा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। युवक की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि घर जाने के लिए रैपिडो बुक करने वाला गौरव आखिर लाक्षागृह कैसे पहुंचा रास्ते में उसके साथ क्या हुआ और किन परिस्थिति में उसकी मौत हुई। फिलहाल इन सवालों का जवाब मिलना बाकी है। मौतके वास्तविक कारणोंका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांचके बाद ही हो सकेगा। युवककी मौतको लेकर क्षेत्रमें तरह-तरह की चर्चा व्याप्त हैं।

झूंसी में ३६ ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

हनुमानगंज (प्रयागराज)। झूंसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कारवाई करते हुए एक युवक को ३६ ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब ७.२० लाख रुपये बतायी गयी है। नारकोटिक्स टास्क फोर्स अपराध शाखा की सूचना और मदद से ११ अक्तूबर को झूंसी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। सहायक पुलिस आयुक्त झूंसी अरुण पाराशर

७.२० लाख रुपये बतायी गयी अंतरराष्ट्रीय कीमत

की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कारवाई की। इस दौरान मल्लाही टोला, झूंसी निवासी सूरज निषाद (२९) पुत्र ओमप्रकाश निषाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से ३६ ग्राम स्मैक, बिक्री से प्राप्त १,८२० रुपये और एक कीपैड मोबाइल बरामद किया। इस मामले में झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कारवाई की गयी है। कारवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हरिशंकर मिश्र, उपनिरीक्षक अंकित, मुख्य आरक्षी मनीष सिंह, मुख्य आरक्षी पवन द्विवेदी और आरक्षी धीरज शामिल रहे।

निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास लग रहे जाम से लोग परेशान

ऊबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरने में हो रही परेशानी, समतल मार्ग बनाने की मांग

मऊआइमा (प्रयागराज)। अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना पड़ाव चौराहे से घीनपुर मार्ग की ओर रेलवे फाटक संख्या ६१बी पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के आसपास रोजाना जाम लगने से लोग परेशान हैं। खासकर बाइक और साइकिल सवारों के साथ पैदल राहगीरों को गमनागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से ओवरब्रिज के बगल में समतल रास्ता बनाने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बे में रेलवे फाटक पर लगने वाले घंटों के जाम से निजात दिलाने के लिए शासन ने स्थानीय लोगों की मांग पर ओवरब्रिज निर्माण को मंजूरी दी थी। करीब ८५० मीटर लंबे इस ओवरब्रिज का निर्माण १२४ करोड़ रुपये की लागत से सेतु निगम और उत्तर रेलवे की ओर से १० मार्च २०२६ में शुरू कराया गया है। निर्माण कार्य के चलते गमनागमन प्रभावित हो रहा है। फिलहाल ओवरब्रिज के बगल से बाइक, साइकिल सवारों और पैदल राहगीरों के लिए रास्ता दिया गया है, लेकिन यह ऊबड़-खाबड़ होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।स्थानीय निवासी और आसपास के दुकानदार मक्खन लाल, राहुल, पवन कुमार, ऋषभ कुमार और दीपक कुमार आदि का कहना है कि ऊबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरना काफी मुश्किल हो गया है। आये दिन लोगों के गिरकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने सेतु निगम से समतल रास्ता बनाने की मांग की, ताकि बाइक, साइकिल सवार और पैदल राहगीर आसानी से गमनागमन कर सकें। सेतु निगम के अवर अभियंता अजीत कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटवा दिया गया है। अभी कुछ मलबा पड़ा हुआ है। उसे हटानेके बाद गमनागमन के लिए अलगसे रास्ता बना दिया जायेगा।



मऊआइमा में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास जाम में फंसे लोग।

दलित युवक ने दरोगा पर जबरन मारपीट और परेशान करने का लगाया आरोप

फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ थाना क्षेत्र के बारी धारू का पूरा गांव के एक दलित युवक ने फाफामऊ थाने पर तैनात दारोगा पर बिना किसी उच्च अधिकारियों के आदेश अथवा मुकदमें के बिना देर रात घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता करना तथा उसके भाई को गिरफ्तार कर थाने लेजाकर उसके साथ जाति सूचक गालिया देना तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को पुलिस के उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर आरोपित दरोगा के खिलाफ कारवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार बारी धारू का पूरा गांव के दलित अशोक कुमार ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत कर आरोप लगाया है कि हल्के में तैनात दारोगा मुकेश यादव दो दिन पहले बिना किसी आदेश अथवा बिना किसी मुकदमा के बिना करीब तीन बजे रात दो सिपाहियों के साथ घर पहुंचे और घर के महिलाओं से अभद्रता किया और विपक्षी से मिलकर जबरन खड़ा होकर दिवाल तोड़वाकर पिलर की सरिया कटवा लिया। महिलाओं ने विरोध किया तो उसके बड़े भाई रामराज को गिरफ्तार कर थाने ले गये जहां पर रास्ते में उसे जाति सूचक गालिया देते हुए उसके साथ मारपीट किया और दूसरे दिन शांति भंग में चालान कर दिया। लोगों का आरोप है कि उक्त दारोगा के कार्यप्रणाली से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

बरदहा नदी पर बनेगा चमरौहा दीर्घ सेतु

१४.९२ करोड़ रुपये की मिली प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति

विधायक ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

मऊ (चित्रकूट)। मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में बरदहा नदी पर चमरौहा दीर्घ सेतु, पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में इस परियोजना के लिए कुल १४.९२ करोड़ रुपये की लागत के सापेक्ष ७.४६ करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। इससे आजादी के बाद से उठ रही क्षेत्रवासियों की मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है। लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार, मानिकपुर-ऊंचाडीह-मऊ-गुरदरी मार्ग पर मानिकपुर विकास खंड में बरदहा नदी पर दीर्घ सेतु, पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्यों का निर्माण कराया जायेगा। परियोजना की कुल लागत १४ करोड़ ९२ लाख २४ हजार रुपये निर्धारित की गयी है। इसमें वित्तीय वर्ष २०२६-२७ के लिए राज्य योजना के तहत दो मदों से कुल ७ करोड़ ४६ लाख १२ हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सेतु निगम को दी गयी है। बरदहा नदी पर पुल नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को गमनागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। खासकर बरसात के दिनों में नदी के कारण रास्ता बाधित होने से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए दिक्कतें उठानी पड़ती थीं। पुल बनने से मानिकपुर क्षेत्र और मध्य प्रदेश की सीमा के बीच संपर्क बेहतर होगा। इससे करीब १५ से २० हजार की आबादी को लाभ मिलने की उम्मीद है।

मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने पुल निर्माण को स्वीकृति मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह पुल केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए गमनागमन के लिए सुगम और सुरक्षित बनाने वाला महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस उपलब्धि पर बधाई भी दी।

जन जागरूकता चौपाल में शिक्षा, नशामुक्ति और दहेज उन्मूलन पर दिया जोर

हनुमानगंज (प्रयागराज)। पासी समाज विवाह कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को नैका, झूंसी में जन जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, नशामुक्ति, अंधविश्वास उन्मूलन, दहेज प्रथा पर रोक, व्यापार में भागीदारी और मतदान के महत्व पर चर्चा कर समाज को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद संस्था के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य स्व. केडी सिंह सरोज एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्व. मेवालाल सावित्र को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

लखनऊ से आये रमाशंकर भीम ने अंधविश्वास के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए समाज को जागरूक किया। संस्था के प्रांतीय महामंत्री राम अभिलाष सरोज ने समाज के क्रांतिकारी महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए नशामुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। सेवानिवृत्त डीडीओ बंशीधर सरोज और पूर्व एसपीओ मनिलाल ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने तथा नशे से दूर रहने की अपील की।

महंत मंगल दास, लालाराम सरोज, एडवोकेट अजीत भास्कर, विभव नाथ भारती, जिला जीत पासी और माधुरी पासी सहित अन्य वक्ताओं ने सामाजिक विकास के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, दहेज प्रथा समाप्त करने, व्यापार में भागीदारी बढ़ाने और मतदान के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज पासी रहे, जबकि सूर्यबली पासी ने विशेष सहयोग दिया। मोतीलाल कश्यप ने संचालन किया। पूर्व अपर आयुक्त माता फेर ने संस्था के कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विनय प्रकाश, मंडल अध्यक्ष आरपी कैथल, डॉ. शिवराम सरोज, सतीश कुमार, एडवोकेट बीके बघाड़िया, एडवोकेट मदन सरोज, संजीत सरोज, राम प्रताप, इंद्रजीत भारती, रीना देवी, आरती देवी, सीमा देवी, पूनम देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आशा कार्यकर्त्रियोंने मांगोंको लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा १२ सूत्रीय ज्ञापन

१० हजार रुपये मानदेय, बीमा और मातृत्व अवकाश की मांग

मेजारोड (प्रयागराज)। सीएचसी मेजा की आशा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। अध्यक्ष किरण सिंह और सचिव संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व



सीएचसी मेजा में चिकित्सक बबलू सोनकर को ज्ञापन सौंपतीं आशा कार्यकर्त्रियां।

सोमवार को आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर में कार्यकर्ताओं ने सीएमओ प्रयागराज डा. एके तिवारी के नाम संबोधित १२ सूत्री ज्ञापन प्रभारी चिकित्साधिकारी बबलू सोनकर को सौंपा। उन्होंने १७ फरवरी २०२६ को हुए समझौते को लागू करने की मांग उठायी। यूनियन ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि उपमुख्यमंत्री की ओर से आशा कार्यकर्त्रियों का आधार भुगतान १० हजार रुपये करने और आशा संगिनी के भुगतान में बढ़ोतरी का वादा किया गया था। कार्यकर्त्रिया ने इस समझौते को लागू कर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही राज्य वित्त से मिलने वाली १५०० रुपये की राशि में ७५०० रुपये की बढ़ोतरी कर आशा और आशा संगिनी दोनों को देने की मांग उठायी। आशा कार्यकर्त्रियों ने आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने के कार्यों की प्रोत्साहन राशि का पूरा भुगतान करने की मांग की। पोलियो, फाइलेरिया, दस्तक और संचारी रोग नियंत्रण अभियानों की प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर प्रतिदिन ५०० रुपये करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। इसके अलावा सी-बैंक, टीवीआई, कुष्ठ रोग एवं टीबी स्क्रीनिंग सहित विभिन्न अभियानों के पिछले वर्षों के बकाया भुगतान जल्द कराने की मांग की गयी।

यूनियन ने कैशलेस चिकित्सा सुविधा के अतिरिक्त पांच लाख रुपये का चिकित्सा बीमा देने तथा दुर्घटना बीमा की राशि दो लाख से बढ़ाकर १० लाख रुपये करने की मांग की। इसके साथ ही चार महीने का मातृत्व अवकाश और आशा संगिनी को यात्रा भत्ता देने की मांग भी उठायी गयी। सोनभद्र की जिला सचिव जानकी और पीलीभीत की आशा कार्यकर्त्रियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। प्रदर्शन के दौरान नेमकली, कौशल्या श्रीवास्तव, गेंदा कली, रामलली, पूनम श्रीवास्तव, रंजना शुक्ला, किरण कुशवाहा, निर्मला विश्वकर्मा और अनीता देवी समेत बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

हनुमानगंज (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के शुरुआत पर सोमवार को थाना सरायइनायत पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-६.० के प्रथम चरण के तहत गुलाबा देवी बालिका इंटर कालेज बम्भनकुइयां में जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम के नेतृत्व में मिशम शक्ति/एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अनीता यादव, महिला आरक्षी विधि वर्मा, सपना पांडेय एवं साधना सोनकर ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर १०९०, १८१, १०९८, १०७६, ११२ और साइबर हेल्पलाइन नंबर १९३० के बारे में जागरूक किया गया।



मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करती पुलिस टीम।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी, साइबर अपराध से बचाव के बताए तरीके

शंकरगढ़ (प्रयागराज) । क्षेत्र में रैली निकालकर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत शंकरगढ़ पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया।

सहायक पुलिस आयुक्त बारा वेदव्यास मिश्रा की अध्यक्षता मे थानाध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना मिशन शक्ति अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बीसी सखी, महिला स्वयं सहायता समूह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। सुरक्षा हेतु महिला पावर हेल्पलाइन १०९०, महिला हेल्पलाइन १८१, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ और आपातकालीन पुलिस सेवा ११२ के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों को लेकर भी लोगों को सतर्क किया गया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि आनलाइन लेनदेन करते समय विशेष सावधानी बरतें। किसी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी अथवा अन्य गोपनीय विवरण न दें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर १९३० पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बीच अंतर समझाते हुए किसी भी अनुचित व्यवहार की जानकारी तत्काल अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी देकर बच्चों को निर्भीक रहने का संदेश दिया गया। अभियान के तहत जागरूकता संबंधी पंपलेट और बुकलेट वितरित किए गए तथा विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाकर लोगोंको जागरूक किया गया।



जागरूकता रैली निकालते पुलिस कर्मी।

जमीन पर कब्जा न देने पर एसडीएम के आदेश पर एफआईआर दर्ज

नैनी (प्रयागराज)। क्रय की हुई जमीन पर कब्जा न देने के मामले में नैनी पुलिस ने एसडीएम करछना के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

प्रार्थिनी प्रेमकली पत्नी रमेश प्रसाद निवासी टुडियार, कोरांव ने तहरीर दी थी कि उसने जनवरी २०१८ में मौजा चाका परगना अरैल में सुदामा यादव से १५१.६६ वर्गमीटर भूमि का बैनामा कराया था। आरोप है कि मकान निर्माण के लिए जाने पर विक्रेता सुदामा यादव, उसके पुत्र अमित यादव और सहयोगी कमलेश कुशवाहा ने कब्जा करने से रोक दिया। इस पर उपजिलाधिकारी करछना ने अगस्त २०२६ की रिपोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। प्रार्थिनी की तहरीर के आधार पर नैनी पुलिस ने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मऊआइमा में त्योहार को लेकर बैठक, सहयोग की अपील

दुर्गा पूजा पण्डालों में अग्निशमन यंत्र रखने का निर्देश

मऊआइमा (प्रयागराज)दुर्गा पूजा, विजयादशमी और मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए मऊआइमा थाना परिसर में पुलिस और आयोजन समितियों की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक जगदीश चुगशवाहा ने आयोजकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंडालों में अग्निशमन यंत्र, पानी की बाल्टी और बालू की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। साथ ही डीजे व लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुसार करने और बिना अनुमति वाले पंडालों के आयोजकों को तत्काल अनुमति लेने को कहा। उन्होंने त्योहार आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। आयोजकों ने बताया कि २० अक्टूबर को विजयादशमी का मेला लगेगा, जबकि २१ अक्टूबर को विभिन्न घाटों पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। इसी रात नगर पंचायत क्षेत्र में भरत मिलाप का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त निरीक्षक दीपक कुमार, एसएसआई बालेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक, कांस्टेबल और विभिन्न पूजा पंडालों व मेला समितियों के शनि खत्री, बिन्देशरी प्रसाद, विपुन मौर्या, राम देव पटेल,राम प्यारे यादव,राम आसरे पटेल, बाबा राम नेवाज दास, रमेश साहू आदि बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में शामिल लोग।

बालिका दिवस पर शिक्षा और आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

बरगढ़ (चित्रकूट)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर राजकीय इंटर कालेज बरगढ़ में बालिकाओं के सम्मान शिक्षा सशक्तीकरण एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन रहे जिन्हे स्मृति चिन्ह भेंट कर हल्दी चन्दन से स्वागत किया गया । कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया । इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने किशोरियों को शिक्षा का महत्व समझाया ।उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण को चुपचाप सहन नहीं करना चाहिए यदि कोई अनुचित व्यवहार पहली बार होता है तो उसी समय उसका विरोध करना और विश्वसनीय व्यक्ति शिक्षक अभिभावक अथवा संबंधित अधिकारी से सहायता लेना आवश्यक है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके । कार्यक्रम में उपस्थित श्याम नारायण शुक्ल ने विज्ञान फाउंडेशन द्वारा शिक्षा सामाजिक जागरूकता एवं बालिका सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की । इस अवसर पर छात्राओं की रचनात्मकता एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर पेंटिंग फेस पेंटिंग मेहंदी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विजय कुमार सोनी पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनीष सिंह सूखेन जयसवाल व विज्ञान फाउंडेशन से रोहिनी रीता स्वाती सपना और आरोहणम यूथ फेडरेशन के साथी उपस्थित रहे।

प्रगतिशील मानव समाज पार्टी ने की बैठक

सहसों(प्रयागराज)। प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की एक बैठक सहसों स्थित पार्टी कार्यालय पर सोमवार को जिला प्रभारी जगदीश बिंद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच पार्टी की रीति नीति एवं आगे की कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल ने बताया कि १५ अक्टूबर दिन बृहस्पतिवार को समय ११ बजे दिन में जन सेवा हास्पिटल गुलहरिया फूलपुर में एक विशाल कार्यकर्ता बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिंद बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक को सफल बनाने के लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजी लाल बिंद, मोहनलाल बिंद, मदन चंद्र बिंद, महेंद्र कुमार बिंद, राजेश बिंद, कुंवर साहब बिंद, गिरधारी लाल सरोज, रामबाबू बिंद, मानसिंह बिंद, रामजतन बिंद, जे पी बिंद, राजू बिंद, जितेंद्र बिंद, अमर बहादुर बिंद, लखपत केवट एवं राम अचल बिंद सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आजादीके ८० साल बाद भी सड़क के लिए तरस रहे लालापुरके ग्रामीण

डिप्टी सीएम ने डीएम और पीडब्ल्यूडी को दिये प्राथमिकता पर काम के निर्देश

लालापुर (प्रयागराज)। देश को स्वतंत्र हुए करीब ८० वर्ष होने वाले हैं, लेकिन आज भी कई ग्रामीण इलाके मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रयागराज जनपद के बारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लालापुर इलाके से सामने आया है, जहाँ लालापुर से शिवराजपुर तक जाने वाली 'मदरिया पहाड़ वाली रोड' आज तक नहीं बन पाई है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय निवासी दीपांशु तिवारी ने कुछ माह पहले उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर सड़क निर्माण की गुहार लगायी थी,लेकिन इस लचर व्यवस्था के कारण आज तक कोई काम नहीं हुआ।



डिप्टी सीएम को सौंपे गये पत्र में बताया गया था कि सड़क न होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और मरीजों को गमनागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में तो मार्ग की स्थिति इतनी दयनीय हो जाती है कि लोगों का घरों से निकलना भी दूभर हो जाता है। सड़क के अभाव में पूरे क्षेत्र का विकास थमा हुआ है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने तुरंत ऐक्शन लिया था। उन्होंने ३ जून २०२६ को पत्र पर ही प्रयागराज के जिलाधिकारी प्रयागराज को लिखित निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 'उपरोक्त मार्ग प्राथमिकता पर बनवायें।' इसके साथ ही एक अन्य आधिकारिक पर्ची पर 'पीएस. पीडब्ल्यूडी – जिलाधिकारी प्रयागराज' को संबोधित करते हुए शिवराजपुर से लालापुर तक की इस ३ किलोमीटर लंबी सड़क को जल्द से जल्द बनवाने के निर्देश दिये गये थे, जो कि इस लचर व्यवस्था के कारण आज तक नहीं बनी हुई है। डिप्टी सीएम के इस त्वरित कदम के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में एक नई उम्मीद जगी थी कि सालों पुराना उनका यह दर्द जल्द ही दूर होगा और सड़क बनने से उनका सफर आसान हो जायेगा।

रामलीला मंचन में मुकुट पूजन के साथ नारद मोह की लीला देखकर भावविभोर हुए दर्शक

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के अतरौरा में श्री आदर्श नवयुवक रामलीला समिति के तत्वावधान में मुकुट पूजन के साथ रामलीला की शुरुआत हुई। इस अवसर पर नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़े इस आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रामलीला के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर पाण्डेय के साथ पदाधिकारी एवं सदस्य राजेश पाण्डेय बाबा, अरविंद पाण्डेय, देवी शंकर गिरी, अजीत तिवारी, सर्वेश पाण्डेय आरएसएस, सुधीर पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, सज्जन पाण्डेय, अंजनी पाण्डेय, राजन मिश्रा रामचंद्र दुबे गौरव दुबे एवं गाजू पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।समिति के सदस्यों ने रामलीला के सफल आयोजन के लिए सहयोग एवं सहभागिता की। इस आयोजन से क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश मिला। वहीं रामलीला मंचन देख लोगों ने सराहना करते हुए बताया कि ग्रामीण अंचल कलाकारों ने अपना प्रतिभा दिखाते हुए मंत्र मुग्ध कर दिया।



ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४९)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

भागीपुर दंगल में मुकेश बने चैम्पियन, किया गया सम्मानित

प्रतापपुर (प्रयागराज)। सराय ममरेज थाना क्षेत्रके भागीपुर गांव में रविवारको समाजवादी पार्टीके संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की चौथी पूर्णतथि के अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं की ओर से दिन में दंगल रात मे बिरहा आयोजित किया गया। जिसमें मुकेश पहलवान को अखाड़ा चैंपियन घोषित किया गया। दंगल प्रतियोगिता में प्रयागराज कौशांबी वाराणसी जौनपुर प्रतापगढ़ से आये पहलवानों ने कुश्ती के दौरान अपने जोर आजमाइस किया। जिसमें निखिल पहलवान झूंसी ने अभिमन्यु पहलवान बनारस को नितेश पहलवान जौनपुरने राजा बाबू प्रतापगढ़ को एवं जिला केशरी अरविंद पहलवान प्रयागराज ने गोपाल पहलवान दिल्ली को पटकनी दे कर अपनी जीत दर्ज की इसी प्रकार दर्जनों पहलवानों ने अपने दांव पेंचसे विजय हासिल की अंतमें अखाड़े पर उतरे मंडल केसरी मुकेश पहलवान प्रयागराज झूंसी से किसी पहलवानों ने मुकाबला नहीं की। जिससे कमेटी अध्यक्ष यशवी यादव एडवोकेट की सहमति से मुकेश पहलवानको अखाड़ा चैंपियन घोषितकर करने पर उन्हें सम्मानित किया गया।